स्वास्थ्य संबंधी चेतावनी

कुछ आयातित उत्पादों में सीसा (LEAD) होता है

सीसा एक ऐसा ज़हर है, जो मस्तिष्क, तंत्रिका प्रणाली, गुर्दे और प्रजनन प्रणाली को नुकसान पहुंचाता है। सीसे के ज़हर से बच्चों में पढ़ने–लिखने और व्यवहार की समस्याएं और गर्भावस्था में समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

बच्चों में सीसे के ज़हर का सबसे आम कारण पेन्ट के छीलने से उत्पन्न होने वाली सीसा धूल है। सीसा अन्य चीज़ों में भी पाया जा सकता है, जिनमें अन्य देशों में निर्मित उत्पाद सम्मिलित हैं। यहाँ कुछ ऐसे उत्पाद दिए गए हैं, जिनमें सीसा पाया गया है।

स्वास्थ्य संबंधी दवाएं

लिटारजिरिओ
(Litargirio)

चाँदी से भरपूर महायोगराज गुगलू
(Mahayogaraj Guggulu enriched with silver)

हेपाटिको का सत्त्व
(Hepatico Extract)

मध्य पूर्व, लैटिन अमरीका, चीन और भारत से आई हर्बल औषधियों में सीसे के अधिक स्तर पाए गए हैं। सुरक्षित और खतरनाक उत्पादों में अन्तर बताना कठिन हो सकता है। किसी उत्पाद में लेबल पर सामग्री के रूप में न बताये जाने पर भी उसमें सीसा हो सकता है।

न्यूयॉर्क नगर में निम्नलिखित दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध है – इनका उपयोग न करें!

- **Emperor's Tea Pill**
- **हेपाटिको का सत्त्व (Hepatico Extract)**
- **जमब्रूलिन (Jambrulin)**
- **लक्ष्मीविलाश रस (नार्दिया) (Lakshmivilash Ras (Nardiya))**
- **लिटारजिरिओ (Litargirio)**
- **महा सुदर्शन (Maha Sudarshan)**
- **चाँदी से भरपूर महायोगराज गुगलू (Mahayogaraj Guggulu enriched with silver)**

मिट्टी के बर्तन

लैटिन अमरीका और एशियाई देशों में बने मिट्टी के बर्तनों को सजाने के लिए उपयोग किए गए रोगनों और रंगों में सीसे की उच्च मात्रा पायी जाती है।

इन देशों के मिट्टी के बर्तनों में खाना कभी न पकाएं, रखें या परोसें।

सौन्दर्य प्रसाधन

कोल (अंजन) / सुरमा
(Kohl/Surma)

सिन्दूर
(Sindoor)

कोल, काजल और सुरमा भारत, पाकिस्तान, बंगलादेश और मध्य पूर्व के देशों की महिलाओं और बच्चों द्वारा उपयोग किए जाने वाले आंख के सौन्दर्य प्रसाधन हैं। इनमें सीसे की उच्च मात्रा पायी जाती है और अमरीका में इन्हें बेचने पर प्रतिबन्ध है।

बच्चों को विशेष खतरा होता है क्योंकि वे इन सौन्दर्य प्रसाधनों को छूने के बाद अपने हाथ अपने मुँह में डाल सकते हैं। कुछ सीसा आंखों द्वारा सोखा जा सकता है।

विवाहित हिन्दू महिलाओं और कुछ सिख महिलाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले लाल पाउडर सिन्दूर में भी सीसे की उच्च मात्रा होती है। इसका कभी भी भोजन में उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

कोल, काजल और सुरमे का उपयोग न करें। सिन्दूर को बच्चों की पहुँच से दूर रखें।

EHS1324067 - 9.07 Hindi

NYC Health
THE NEW YORK CITY DEPARTMENT of HEALTH and MENTAL HYGIENE
न्यूयॉर्क नगर स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य–विज्ञान विभाग
Michael R. Bloomberg, मेयर
Thomas R. Frieden, M.D., M.P.H., आयुक्त (कमिश्नर)
nyc.gov/health

TAKE CARE NEW YORK
न्यूयार्क अपना ध्यान रखें

मेक्सिको की कैंडियां

इमली
(Tamarind)

चाका चाका
(Chaca Chaca)

चापुलिन
(Chapulines)

मेक्सिको की अधिकांश कैडियां और अल्पाहार (स्नैक) उत्पाद खाने के लिए सुरक्षित हैं। पर कुछ उत्पादों, विशेष रूप से मिर्ची के स्वाद वाले कुछ उत्पादों में सीसा होता है।

मैक्सिको के कुछ कैंडी रैपरों और मिट्टी के बर्तनों में बेची जाने वाली कुछ इमली की कैंडियों में भी सीसा पाया गया है। रैपरों या मिट्टी के बर्तनों में मौजूद सीसा कैंडी में जा सकता है।

आप ऐसी कैंडी और अल्पाहार उत्पादों का सेवन न करें।

आभूषण, खिलौने और बच्चों के अन्य उत्पाद

नैकलेस

लन्च बॉक्स

खिलौने

आभूषणों, खिलौनों, वायनिल लन्च बॉक्सों और बच्चों के लिए आयातित अन्य उत्पादों के पेन्ट, धातु और प्लास्टिक भागों में सीसा पाया गया है। इनमें से कई उत्पाद चीन से आते हैं।

अपने मुँह में हाथ और खिलौने डालने वाले बच्चों को ज़्यादा खतरा है। कुछ उत्पादों से दम घुटने का भी खतरा है।

बाज़ार से हटाए गए या विशिष्ट उत्पादों के बारे में और अधिक जानकारी के लिए www.cpsc.gov पर अमरीकी उपभोक्ता उत्पाद सुरक्षा आयोग (U.S. Consumer Product Safety Commission) की वेबसाइट देखें

अगर आपने इन उत्पादों का उपयोग कर लिया हो, तो क्या करें

इनका उपयोग करना बन्द कर दें

अपने डॉक्टर से रक्त सीसा परीक्षण के लिए पूछें



अगर आपका कोई डॉक्टर न हो, तो 311 पर फोन करें

अधिक जानकारी के लिए 311 पर कॉल करें और सीसा ज़हर रोकथाम कार्यक्रम (Lead Poisoning Prevention Program) के बारे मे पूछें या nyc.gov/lead पर जाएं